2019-20

1.1.3, 1.3.1 7.3.1, 7.1.9
2.3.1, 5.3.2, 6.2.1, 6.5.3 (09)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)
Email :- gjycg.college@gmail.com Website : www.cgcollege.org
Tele.No. – 0771-2427126

क्रमांक/ 931 /1105/2019 रायपुर, दिनांक 20/11/19

–: सूचना :–

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओ को सूचित किया जाता है कि **लोक प्रशासन एवं विधि विभाग** के संयुक्त तत्वावधान में **"युवा संसद"** का आयोजन किया जा रहा है । छात्रों को संसदीय प्रकिया की जानकारी, नेतृत्व क्षमता के निर्माण एवं निर्णय लेने की क्षमता के विकास हेतु युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है ।

अतः इच्छुक छात्र विभाग में संपर्क करें । **"युवा संसद"** का विवरण इस प्रकार है ।

दिनांक – 17 जनवरी 2020

समय – प्रातः 11:00 बजे

स्थान – कक्ष क्रमांक – 56

SB 20.11.19
संयोजक
डॉ. शिल्पी बोस
विभागाध्यक्ष (लोक प्रशासन)

प्राचार्य
शास. जे. यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय,
रायपुर (छ0ग0)

प्रतिवेदन

दिनांक
18.01.2020

लोक प्रशासन विभाग एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संसद का आयोजन दिनांक 17 जनवरी 2020 को महाविद्यालय में आयोजित किया गया। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित युवा संसद महाविद्यालयीन युवाओं को संसदीय प्रक्रिया एवं कार्यवाही से अवगत कराने एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु तथा निर्णय निर्माण क्षमता विकसित करने हेतु युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्बोधन करते हुए प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संसदीय प्रजातंत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। युवा संसद में कुल 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रतीक चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई तथा आवीश जोहान ने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाई।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए। इस युवा संसद की अध्यक्षता डॉ. भूपेन्द्र हरनन्द ने किया। कार्यक्रम का संचालन व मार्गदर्शन लोक प्रशासन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पी बोस ने किया।

18.01.2020
विभागाध्यक्ष
लोक प्रशासन विभाग

योजना
जी की 150वीं जयंती
युवा सप्ताह
युवा संसद



युवा सप्ताह
150वीं जयंती

WELCOMES
YOU

WELCOMES
YOU

WELCOMES
YOU


WELCOMES
YOU


राष्ट्रीय सेवा योजना
15


Prime Minist

2021-22

युवा संसद

PARLIAMENT OF INDIA

Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur, Chhattisgarh

शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़

Bill no. 1 of 2021

BILL FOR COMPULSORY VACCINATION

अनिवार्य टीकाकरण विधेयक



From – LL.B. Part III

Bill no. 2 of 2021

BILL FOR 1 YEAR COMPULSORY MILITARY SERVICE BY YOUTH AGED 21 TO 25

21 से 25 वर्ष की आयु के युवाओं द्वारा 1 वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा के लिए विधेयक

From – LL.M.

Bill no. 4 of 2021

One Nation – One Election Bill

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक

From – LL.B. Part II

विधि विभाग
युवा संसद–2021
–: विधेयक :–

1. Vaccination की प्रकिया को बढ़ावा देने हेतु इसे अनिवार्य बनाये जाने संबंधी विधेयक ।
2. 21 से 25 वर्ष के प्रत्येक भारत के युवा नागरिक को एक वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा दिये जाने संबंधी विधेयक।
3. कक्षा पहली से आठवीं तक अनिवार्य पास किये जाने की प्रकिया पर रोक लगाये जाने संबंधी विधेयक ।
4. एक राष्ट्र एक चुनाव की प्रकिया को लागू किये जाने संबंधी विधेयक ।

(डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे)
संयोजक

(डॉ.विनीता अग्रवाल)
विभागाध्यक्ष (विधि)

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पास!

कार्यक्रम ● छत्तीसगढ़ कालेज में युवा संसद का आयोजन, चार विधेयकों पर चर्चा

रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। राजधानी के शासकीय जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ कालेज में सुबह नौ बजे का वक्त। युवा संसद के लिए अध्यक्षता करने के लिए आसंदी पर बैठे अध्यक्ष और पक्ष-विपक्ष की भूमिका में चार विधेयकों पर चर्चा के लिए कुर्ता-पायजामा की पोशाक में बैठे युवा सांसद और फिर शुरू हुआ तर्क और वितर्क का सिलसिला।

जी हां, शनिवार को छत्तीसगढ़ कालेज के विधि विभाग की ओर से युवा संसद कार्यक्रम रखा गया है। इसमें यहां के छात्र-छात्राओं ने सांसद की भूमिका निभाई। इस मौके पर चार विधेयक पास किए गए। इनमें वैक्सीनेशन प्रक्रिया की अनिवार्यता, 21 से 25 वर्ष के प्रत्येक भारतीय युवा को एक वर्ष का अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण और सेवा, कक्षा पहली से आठवीं तक अनिवार्यता उत्तीर्ण किए जाने की प्रक्रिया पर रोक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक शामिल रहे। इनमें से कक्षा पहली से आठवीं तक अनिवार्यता उत्तीर्ण किए जाने की प्रक्रिया पर रोक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक ध्वनि मत से पारित हुए और वैक्सीनेशन प्रक्रिया की अनिवार्यता, 21 से 25 वर्ष के प्रत्येक भारतीय युवा को एक वर्ष का अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण और सेवा विधेयक पास नहीं हो सका। युवा संसद में अध्यक्षता लोक प्रशासन विभाग के सहायक प्राध्यापक सुनील तिवारी ने की। संचालन व संयोजन विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. भूपेंद्र करवंदे ने की। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विधि विभाग की डा. विनीता अग्रवाल ने किया।

छत्तीसगढ़ जे.योगानंदम छत्तीसगढ़ कालेज में युवा संसद का आयोजन। माइक लेकर कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक डा. भूपेंद्र करवंदे ● नईदुनिया

ये रहे सर्वश्रेष्ठ वक्ता

इस दौरान सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में एलएलबी दूसरे वर्ष के छात्र निशांत तिवारी, सर्वश्रेष्ठ सांसद एलएलबी प्रथम वर्ष के वर्षा तिवारी, सर्वश्रेष्ठ विपक्षी सांसद एलएलबी दूसरे वर्ष के राहुल जायसवाल, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा आयुष शर्मा और एश्वर्य श्रीवास, सर्वश्रेष्ठ विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव रहा।

विधेयक एक : वैक्सीनेशन प्रक्रिया की अनिवार्यता : इस विधेयक में वैक्सीनेशन की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के मुद्दे पर तर्क-वितर्क रखे गए हुआ है।

पक्ष का तर्क : युवा सांसदों ने कहा कि कोरोनावायरस संक्रमण को कम करने के लिए सरकार की ओर प्रयास किए जा रहे हैं। भारत सरकार ने 130 करोड़ लोगों को टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा था जो पूरा हो गया यह बहुत बड़ी सफलता है। सुरक्षा के लिए इसकी अनिवार्यता का कानून पास होना चाहिए। अब हमारे पास पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन भी उपलब्ध है।

विपक्ष का वितर्क : इस विधेयक के विरोध में बोल रहे युवा सांसदों ने कहा कि देश में बहुत सारी बीमारी है, केवल कोरोना संक्रमण के लिए वैक्सीनेशन की अनिवार्यता ठीक नहीं है। अभिजीत तिवारी के इस तर्क पर तालियों की गड़गड़ाहट हुई। कुछ ने कहा कि वैक्सीनेशन की अनिवार्यता के साथ इसे नहीं लगाने वालों को सजा देने का भी प्रविधान किया जा रहा है, जो सर्वथा अनुचित है।

परिणाम : भारी विरोध के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

विधेयक दो : 21 से 25 वर्ष के प्रत्येक भारतीय युवा को एक वर्ष का अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण और सेवा

पक्ष का तर्क : इसके पक्ष में युवाओं ने कहा कि भारत में आंतरिक गतिविधियों जैसे नक्सलवाद, आतंकवाद से हम घिर जाते हैं। वहीं बाहरी गतिविधियों में उग्रवाद को लेकर युवाओं ने चिंता जताई।

विपक्ष का वितर्क : विपक्ष में युवाओं ने कहा कि यदि कोई युवा किसी कारणवश सैन्य प्रशिक्षण नहीं ले पाता है तो क्या वह भारत की सुरक्षा व्यवस्था में शामिल नहीं हो सकता है। इसका खूब विरोध हुआ।

परिणाम : यह विधेयक पारित नहीं हो सका।

तीसरा विधेयक : कक्षा पहली से आठवीं तक अनिवार्यता उत्तीर्ण किए जाने की प्रक्रिया पर रोक

पक्ष का तर्क : कक्षा पहली से आठवीं तक उत्तीर्ण करने की प्रक्रिया की गई है। यह कानून युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है इस पर तत्काल रोक लगा दी जाए। कक्षाटवीं तक बच्चे बिना मूल्यांकन के ही पास हो जाते हैं और नौवीं कक्षा में उन्हें नाम तक लिखना नहीं आता है।

विपक्ष का वितर्क : भारतीय संविधान में ही हमें निःशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया गया है। इसी में अनिवार्यता उत्तीर्ण किए जाने का प्राविधान है। यह विधेयक इसके नियमों का उल्लंघन करता है। अनुत्तीर्ण होने के कारण छात्र पढ़ाई छोड़ सकता है, इसलिए यह विधेयक नहीं लाया जाए।

परिणाम : विरोध के बाद भी यह विधेयक ध्वनि मत से पारित हुआ।

विधेयक चार : एक राष्ट्र एक चुनाव

पक्ष का तर्क : राजकोषीय खर्च का कम करना और समय की बचत करने के लिए इस विधेयक को लाना ठीक है। बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास के कार्य थम जाते हैं। इसलिए देशभर में चुनाव एक साथ कराने के लिए इस विधेयक को पारित किया जाए।

विपक्ष का वितर्क : जिन राज्यों में हाल ही चुनाव हुआ है उन राज्यों का क्या होगा। एक साथ पूरे देश में लागू करने में काफी कठिनाई आती। [illegible] सुरक्षा [illegible] कहां [illegible]

10:21 PM

2022-23

शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय

रायपुर छत्तीसगढ़

विधि विभाग द्वारा आयोजित

युवा संसद

2023

युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन की सकारात्मक परंपरा को अन्तर्निहित करना, दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता और छात्र समुदाय को संसद की प्रथाओं और प्रक्रियाओं के बारे में जानने में सक्षम बनाना है।

नोट : इस प्रतियोगिता का उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का ना तो समर्थन करना है, ना ही विरोध करना ।

प्रस्तुत किये जाने वाले विधेयक

- चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा सार्वजनिक कोष से मुफ्त की वस्तुओं को देने के वादे पर रोक लगाए जाने संबंधी विधेयक ।
- हिंदी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा दिये जाने संबंधी विधेयक ।
- सभी वर्गों के नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता लागू किये जाने संबंधी विधेयक ।
- राष्ट्र के विकास हेतु जनसंख्या पर नियंत्रण लगाए जाने हेतु विधेयक ।

पुरस्कार

1. सर्वश्रेष्ठ सांसद
2. सर्वश्रेष्ठ विपक्षी सांसद
3. सर्वश्रेष्ठ वक्ता
4. सर्वश्रेष्ठ विधेयक
5. सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा

शर्तें और नियम

- यह प्रतियोगिता केवल विधि के विद्यार्थियों के लिए है ।
- प्रत्येक कक्षा में से केवल एक विधेयक प्रस्तुत किये जायेंगे ।
- विधेयक प्रस्तुत करने हेतु 10 मिनट का समय निर्धारित है ।
- विधेयक पर अंतिम निर्णय निर्णायकों का होगा ।
- हर विधेयक पर सदन में मतदान होगा ।
- छात्र छात्राएं नेताओं की वेशभूषा में आ सकेंगे ।
- इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संसद की कार्यवाही से अवगत करना है ।
- किसी भी विधेयक पर विवाद होने की स्थिति में विधेयक निरस्त कर दिया जाएगा ।

आयोजन की तिथि

3 फरवरी 2023

कार्यक्रम स्थल

वृंदावन हॉल

सिविल लाईस, रायपुर

समय

प्रातः 11:00 बजे

कार्यक्रम समन्वयक	विभागाध्यक्ष	प्राचार्य
डॉ. भूपेन्द्र करवन्दे	डॉ. विनीता अग्रवाल	डॉ. अमिताभ बनर्जी
(सहायक प्राध्यापक)		


युवा संसद
VRINDAVAN

VRINDAVAN
VRINDAVAN

Report

युवा संसद : मुफ्त की वस्तुएं बांटने के वादे पर रोक और समान नागरिक संहिता का विधेयक सर्वसम्मति से पारित

रायपुर। शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के विधि विभाग की ओर से शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में युवा संसद 2023 का आयोजन किया गया। युवा संसद विधि के 150 से ज्यादा छात्रों ने सांसद के रूप में हिस्सा लिया। दीप प्रज्ज्वलन कर संसद का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अमिताभ बैनर्जी एवं विधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थी संसद में बनने वाले कानूनों की प्रक्रिया से होने का अवसर मिलता है।

विधि के विद्यार्थियों ने तीन विधेयक पेश किया जिसमें समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण और चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त की वस्तुओं को दिए जाने के वादे पर रोक लगाए जाने संबंधी विधेयक सदन में प्रस्तुत किए गए। विधेयकों को सदन में प्रस्तुत करने के बाद छात्रों ने इसका समर्थन और विरोध करना शुरू किया और लंबी बहस चली। सदन में राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त की वस्तुओं को दिए जाने के वादे पर रोक और समान नागरिक संहिता का विधेयक पारित हुआ और भारी विरोध के बाद जनसंख्या नियंत्रण का विधेयक संसद से पारित नहीं हो सका। इसी कड़ी में सर्वश्रेष्ठ विधेयक का पुरस्कार समान नागरिक संहिता को सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में सुमित सिंह ढिल्लों, सर्वश्रेष्ठ विपक्षी सासद के रूप आशीष जाधव, सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में राहुल जायसवाल और सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा के लिए ख्याति सोनी को पुरस्कृत किया गया।

संसद की अध्यक्षता महाविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम आयोजक के रूप में विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. भूपेंद्र करवंदे और गेस्ट जूरी के रूप मे अग्रसेन कॉलेज के प्रत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल तिवारी मौजूद रहे। डॉ. करवदे ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन की सकारात्मक परंपरा को अन्तर्निहित करना, दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता और छात्र समुदाय को संसद की प्रथाओं और प्रक्रिया के बारे में जानने में सक्षम बनाना है। कार्यक्रम मे इन बातों का भी ध्यान रखा गया कि इसमें किसी राजनीतिक दल का न तो विरोध किया गया और न ही किसी का समर्थन किया गया।

2023-24

रिपोर्ट
विधि विभाग
''युवा संसद''

दिनांक 27 जनवरी 2024 (शनिवार)
स्थान – कक्ष कमांक – 41
समय – प्रातः 09:30 बजे

शासकीय जे.योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर के विधि विभाग द्वारा पूर्व सूचना के तारतम्य में दिनांक 27 जनवरी 2024 को प्रातः 09:30 बजे से कक्ष कमांक – 41 में युवा संसद का कार्यकम आयोजित किया गया ।

कार्यकम का उद्देश्य –

युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन की सकारात्मक परंपरा को अन्तर्निहित करना, दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता और छात्र समुदाय को संसद की प्रथाओं और प्रक्रियाओं के बारे में जानने में सक्षम बनाना है ।

नोट –

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य किसी राजनीति दल का न तो समर्थन करना है तथा न हीं विरोध करना

शर्ते एवं नियम –

- यह प्रतियोगिता केवल विधि के विद्यार्थियों के लिए है ।
- प्रत्येक कक्षा में से केवल एक विधेयक प्रस्तुत किये जायेंगे ।
- विधेयक प्रस्तुत करने हेतु 10 मिनट का समय निर्धारित है
- विधेयक पर अंतिम निर्णय निर्णायकों का होगा ।
- हर विधेयक पर सदन में मतदान होगा ।
- छात्र/छात्राएं नेताओं की वेशभूषा में आ सकेंगे ।
- इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संसद की कार्यवाही से अवगत कराना है ।
- किसी भी विधेयक पर विवाद होने की स्थिति में विधेयक निरस्त कर दिया जायेगा ।

प्रस्तुत किये जाने वाले विधेयक –

1. ''हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा प्रदान किये जाने के संबंध में विधेयक''
2. समान नागरिक संहिता को लागू किये जाने संबंधी विधेयक
3. एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू किये जाने संबंधी विधेयक
4. राष्ट्रगान के अपमान किये जाने पर दण्ड का प्रावधान किये जाने संबंधी विधेयक

F:\NAAC Visit\Youva Sansad 2024\Report_ Youva Sansand_ 2024.doc

Dr.(Smt.) Vineeta Agrawal
Prof. & Head Department of Law
Govt. J.Y. Chhattisgarh College
Raipur (C.G.)

युवा संसद में विधि के छात्र/छात्राओं ने सांसद की भूमिका निभाई । इस मौके पर चार विधेयक प्रस्तुत किए गए सभी विधेयकों का विधि के छात्र/छात्राओं ने सांसद की भूमिका में विधेयक के पक्ष एवं विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए ।

परिणाम –

विधेयक एक – "हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा प्रदान किये जाने के संबंध में विधेयक" में तर्क कम प्रस्तुत हुए तथा असंमजता के कारण विधेयक पारित नहीं हो सका ।

विधेयक दो – समान नागरिक संहिता को लागू किये जाने संबधी विधेयक कम मतों से पारित हुआ ।

विधेयक तीन – एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू किये जाने संबधी विधेयक विरोध के बाद भी यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ ।

विधेयक चार – राष्ट्रगान के अपमान किये जाने पर दण्ड का प्रावधान किये जाने संबंधी विधेयक पूर्ण बहुमत से पारित हुआ ।

युवा संसद में सदन की अध्यक्षता श्री दिनेश मालवीय द्वारा की गई । संचालन व संयोजन डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे, कार्यक्रम का मार्गदर्शन विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ.विनीता अग्रवाल द्वारा किया गया ।

युवा संसद की अध्यक्षता करने के लिये आसंदी पर बैठे अध्यक्ष तथा पक्ष–विपक्ष की भूमिका में 04 विधेयकों पर चर्चा के लिये युवा संसद उपस्थित हुए और फिर तर्क–वितर्क का सिलसिला प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के पश्चात सर्वश्रेष्ठ सांसद, सर्वश्रेष्ठ विपक्षी सांसद, सर्वश्रेष्ठ वक्ता, सर्वश्रेष्ठ विधेयक, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा पुरस्कृत किये गये ।

(डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे)
कार्यक्रम समन्वयक

27/01/2024

(डॉ.विनीता अग्रवाल)
विभागाध्यक्ष (विधि)

Dr.(Smt.) Vineeta Agrawal
Prof. & Head Department of Law
Govt. J.Y. Chhattisgarh College
Raipur (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

Email :- gjycg.college@gmail.com Website : www.cgcollege.org
Tele.No. – 0771-2427126

क्रमांक / 2176 / 1105 / 2024 रायपुर, दिनांक 12/01/2024.

–: सूचना :–

LL.B. Part-I, II, एवं III LL.M. के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विधि विभाग द्वारा दिनांक 27 जनवरी 2024 को "युवा संसद" का आयोजन कक्ष कमांक–41 में प्रातः 09:30 बजे से किया जायेगा । "युवा संसद" में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी अपना नाम दिनांक 19 जनवरी 2024 तक युवा संसद समन्वयक डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे के समक्ष प्रस्तुत करें ।

संलग्न :– युवा संसद कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा, शर्तें एवं नियम

(डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे)
कार्यक्रम समन्वयक

(डॉ.विनीता अग्रवाल)
विभागाध्यक्ष (विधि)

(डॉ.अमिताभ बैनर्जी)
प्राचार्य
प्राचार्य
शास. जे. योगानंदम् छत्तीसगढ़
महाविद्या. रायपुर. (छ.ग.)

F:\NAAC Visit\Youva Sansad 2024\Suchna_Youva Sansand_ 2024.doc

शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

विधि विभाग द्वारा आयोजित

युवा संसद 2024

युवा संसद का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन की सकारात्मक परंपरा को अन्तर्निहित करना, दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता और छात्र समुदाय को संसद की प्रथाओं और प्रकियाओं के बारे में जानने में सक्षम बनाना है ।

प्रस्तुत किये जाने वाले विधेयक

1. "हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा प्रदान किये जाने के संबंध में विधेयक"
2. समान नागरिक संहिता को लागू किये जाने संबधी विधेयक
3. एक राष्ट्र एक चुनाव को लागू किये जाने संबधी विधेयक
4. राष्ट्रगान के अपमान किये जाने पर दण्ड का प्रावधान किये जाने संबंधी विधेयक

शर्ते और नियम

- यह प्रतियोगिता केवल विधि के विद्यार्थियों के लिए है ।
- प्रत्येक कक्षा में से केवल एक विधेयक प्रस्तुत किये जायेंगे ।
- विधेयक प्रस्तुत करने हेतु 10 मिनट का समय निर्धारित है
- विधेयक पर अंतिम निर्णय निर्णायकों का होगा ।
- हर विधेयक पर सदन में मतदान होगा ।
- छात्र/छात्राएं नेताओं की वेशभूषा में आ सकेंगे ।
- इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संसद की कार्यवाही से अवगत कराना है ।
- किसी भी विधेयक पर विवाद होने की स्थिति में विधेयक निरस्त कर दिया जायेगा ।

पुरस्कार वितरण

1. सर्वश्रेष्ठ सांसद
2. सर्वश्रेष्ठ विपक्षी सांसद
3. सर्वश्रेष्ठ वक्ता
4. सर्वश्रेष्ठ विधेयक
5. सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा

आयोजन की तिथि

24 जनवरी 2024

समय 09:30 AM

कक्ष क्रमांक – 41

नोट

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य किसी राजनीति दल का न तो समर्थन करना है तथा न हीं विरोध करना

कार्यक्रम संयोजक	विभागाध्यक्ष	प्राचार्य
डॉ.भूपेन्द्र करवन्दे सहायक प्राध्यापक–विधि	डॉ.विनीता अग्रवाल	डॉ.अमिताभ बैनर्जी

F:\NAAC Visit\Youva Sansad 2024\Brochers _Youva Sansad.doc


GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JPW+3RP, near State Bank, Byron Bazar, Janta Colony, Raipur, Chhattisgarh
492001, India
Lat 21.235239°
Long 81.647128°
27/01/24 09:49 AM GMT +05:30
Google

युवा संसद
GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JPW+3RP, near State Bank, Byron Bazar, Janta Colony, Raipur, Chhattisgarh
492001, India
Lat 21.235239°
Long 81.647128°
27/01/24 10:05 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JPW+3RP, near State Bank, Byron Bazar, Janta Colony, Raipur, Chhattisgarh
492001, India
Lat 21.235239°
Long 81.647128°
27/01/24 10:03 AM GMT +05:30
Google


युवा संसद
GPS Map Camera
Raipur, Chhattisgarh, India
6JPW+3RP, near State Bank, Byron Bazar, Janta Colony, Raipur, Chhattisgarh
492001, India
Lat 21.235239°
Long 81.647128°
27/01/24 10:15 AM GMT +05:30
Google